रोल नं0..............................नाम परीक्षार्थी..............................

VIII-1 **वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई०** **A**

# हिन्दी

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 8 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्न गद्यांश का अर्थ संदर्भ सहित लिखिए – 6

संसार में ऐसे–ऐसे दृढ़चित्त मनुष्य हो गये हैं जिन्होंने मरते दम तक सत्य की टेक नहीं छोड़ी, अपनी आत्मा के विरूद्ध कोई काम नहीं किया। राजा हरिश्चन्द्र के ऊपर इतनी–इतनी विपत्तियाँ आयीं, पर उन्होंने अपना सत्य नहीं छोड़ा।

(ख) निम्न पद्यांश का सन्दर्भ–सहित अर्थ लिखिए :– 6

पग घुँघरू बाँध मीराँ नाची, रे।
मैं तो अपने नारायण की, आपहि हो गई दासी रे।
विष का प्याला राणा जी ने भेज्यो, पीवत मीराँ हाँसी रे।
लोग कहे मीराँ भई बावरी, बाप कहे कुल नासी रे।
मीराँ के प्रभु गिरधरनागर, हरिचरणों की दासी रे॥

2. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8

(क) मोनू ने दूध के कटोरे को क्यों नहीं दुआ?
(ख) बिन्दू का विवाह तय करते समय क्या धोखा किया गया है?
(ग) सोना को छोटे बच्चे क्यों अधिक प्रिय थे?

3. (क) निम्न बाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :– 6

(अ) जो बहुत कठिनाई से मिलता हो।
(ब) सत्य बोलने लगा।
(स) दूसरों पर उपकार करने वाला।

(ख) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए:–6

लीक पर चलना, कुहराम मचना, रहस्य खोलना।

(ग) किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक के शब्द लिखिए :– 6

अन्याय, क्रूर, मूर्ख, करूण।

(घ) किन्हीं दो शब्दों की सन्धि लिखिए :– 4

प्रति + एक, अति + आचार, प्रति + उपकार।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :– 4

गंगा, नदी, पर्वत, बेटी।

(च) किन्हीं दो शब्द युग्मों के प्रत्येक शब्द का अर्थ लिखिए :– 4

(अ) प्रसाद–प्रासाद (ब) कड़ी–कढ़ी (स) ग्रह–गृह।

(पृष्ठ पलटिए)

4. अपनी पाठ्य-पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की चार पंक्तियाँ अथवा कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 6

5. हमारे आदर्श भाग-3 के आधार पर किसी एक महापुरुष का वर्णन कीजिए। 8

6. निम्न अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 12

अस्माकं प्रदेशस्य मध्य-दक्षिणभागे अतिप्राचीनं प्रयागनगरं स्थितमस्ति, यस्योत्तरतः गङ्गा दक्षिणतः यमुना च नद्यौ प्रवहतः। तत्र सरस्वत्याः नद्याः अपि काचिद् अदृश्यधारा वहतीति पुराणेषु वर्णितम्। तस्य नगरस्य प्राच्यां दिशि तिसृणामपि नदीनां भवति कश्चित् शोभनः सङ्गम्।

**अथवा**

शिरसि तरूणां रविकिरणानां<br>
खेलति रूचिररूणाभा,<br>
उपरि दलानां हिम-कणिकानां<br>
काऽपि हृदय-हर-शोभा।

7. आप छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। अतः यहाँ की असुविधाओं से अपने पिताजी को पत्र द्वारा अवगत कराइए। 8

8. निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग तीन पृष्ठों का निबन्ध लिखिए- 16

(क) विज्ञान के चमत्मकार

(ख) आदर्श अध्यापक

(ग) बढ़ती जनसंख्या अभिशाप है, कैसे?